तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 9 अप्रैल 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4
एसईसीएल गेवरा जीएम कार्यालय का भूविस्थापितों ने किया घेराव




## खबर संक्षेप

### कृषि मंत्री की अध्यक्षता में संभाग स्तरीय बैठक आज

**कोरबा।** कृषि मंत्री रामविचार नेताम की अध्यक्षता में संभाग स्तरीय बैठक का आयोजन 9 अप्रेल को शाम 4 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष बिलासपुर में आयोजित किया गया है। बैठक में पशु चिकित्सा सेवा, उद्यानिकी, मत्स्य पालन, कृषि विभाग से संबंधित अधिकारी शामिल होंगे।

### शासी परिसद की बैठक 13 को

**कोरबा।** कलेक्टर सह अध्यक्ष जिला खनिज संस्थान न्यास कोरबा की अध्यक्षता में जिला खनिज संस्थान न्यास कोरबा की शासी परिषद की बैठक 13 अप्रैल को प्रातः 11 बजे कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष कोरबा में आयोजित की गई है।

### मारवाड़ी युवा मंच ने गौमाता हेतु कोटना का किया वितरण

**कोरबा।** मारवाड़ी युवा मंच दर्री जमनीपाली द्वारा गौमाता की सेवा एवं संरक्षण के उद्देश्य से कोटना वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह सेवा कार्य मंच की सामाजिक एवं मानवीय संवेदनाओं का प्रतीक है। कार्यक्रम के दौरान गौमाता को कोटना वितरित कर उनकी सेवा की गई तथा गौसंरक्षण का संदेश दिया गया। उपस्थित सभी सदस्यों ने इस पुनीत कार्य में बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई। मारवाड़ी युवा मंच दर्री जमनीपाली द्वारा निरंतर किए जा रहे सेवा, संस्कार एवं सामाजिक कार्यों की क्षेत्र में सराहना की जा रही है। मंच की सक्रियता एवं समाज के प्रति समर्पण भाव अन्य संस्थाओं के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बन रहा है। इस अवसर पर मनीष अग्रवाल, सुमित अग्रवाल, अरुण केडिया, दिनेश अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, सचिव आशीष अग्रवाल, अमित अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, केदार अग्रवाल उपस्थित रहे।

### सड़क नवीनीकरण पर हो रही गुणवत्ताहीन कार्य

**कोरबा।** ग्राम पंचायत रजगामार में पीएमजेएसवाई के तहत इन दिनों रोड नवीनीकरण का कार्य चल रहा है जो कि रजगामार के ज्ञानदीप स्कूल से लेकर रजगामार बस्ती मार्ग है। इस कार्य से ग्रामीण नाराज हैं सड़क नवीनीकरण में जहां रोलर मशीन का उपयोग होना है वहां बिना रोलर मशीन के ही कार्य को पूर्ण किया जा रहा है। जन चिंतक मंच के यशवंत कुमार द्वारा उपस्थित ठेकेदार के कर्मचारियों से बात किया गया जिस पर कर्मचारियों ने अपनी गलती मानी तथा आश्वासन देते हुए बोला कि रोलर मशीन की आवश्यकता बतायी और जल्द ही रोलर मशीन से सड़क मरम्मत कार्य किया जाएगा।

### श्रीवास समाज व सैलून-पार्लर संघ की कार्यकारिणी गठित

**कोरबा।** श्रीवास (नाई) सामाजिक कल्याण समिति एवं सैलून-पार्लर व्यवसायिक संघ कोरबा की एक विशेष बैठक 7 अप्रैल को श्रीवास सामुदायिक भवन, अंजनी कुंज में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष शत्रुहन लाल श्रीवास ने की। बैठक में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें अध्यक्ष शत्रुहन लाल श्रीवास, महासचिव लीलाधर श्रीवास, उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार श्रीवास, कोषाध्यक्ष रिखीराम श्रीवास बनाए गए हैं। इसी तरह सैलून-पार्लर व्यवसायिक संघ की नई कार्यकारिणी में अध्यक्ष मनोज कुमार श्रीवास, उपाध्यक्ष संदीप कुमार श्रीवास, उपाध्यक्ष दीपक श्रीवास, महासचिव रामचंद्र श्रीवास, कोषाध्यक्ष किसन कुमार श्रीवास, संयुक्त सचिव रमाकांत श्रीवास, सचिव सतीश श्रीवास, उपकोषाध्यक्ष ललित श्रीवास शामिल हैं। बैठक में मोहनलाल श्रीवास, लक्ष्मीनारायण श्रीवास, सत्यवान श्रीवास, जगदीश श्रीवास, आरपी श्रीवास, पार्षद लक्ष्मण श्रीवास, साधराम श्रीवास, कन्हैया लाल श्रीवास, रमेश कुमार श्रीवास उपस्थित रहे।

# सेवानिवृत्त कोयला कर्मियों को जल्द मिलेगा सीपीआरएमएस-ई कार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

कोल इंडिया ने सेवानिवृत्त कोयला कर्मचारियों के लिए पीवीसी सीपीआरएमएस-ई कार्ड जारी करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। एसईसीएल, बीसीसीएल, ईसीएल और सीसीएल समेत सभी सहायक कंपनियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

कोयला कंपनियों से सेवानिवृत्त होने वाले हजारों कर्मचारियों और अधिकारियों के लिए एक राहत भरी खबर सामने आई है। इसके तहत एसईसीएल, बीसीसीएल, ईसीएल और सीसीएल समेत कोल इंडिया की सभी सहायक कंपनियों के सेवानिवृत्त कर्मियों को जल्द ही पीवीसी सीपीआरएमएस-ई कार्ड उपलब्ध कराया जाएगा। इस निर्णय के संबंध में कोल इंडिया मुख्यालय ने सभी अनुषंगी कंपनियों के प्रबंधन को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। लंबे समय से कार्ड न मिलने के कारण आ रही तकनीकी दिक्कतों को देखते हुए, प्रबंधन ने इसे प्राथमिकता के आधार पर लागू करने का ⏭ शेष पेज 3 पर

## सेवानिवृत्त कर्मियों को ई-कार्ड के बाद इलाज में नहीं होगी परेशानी

**खास बातें**

- हजारों अधिकारी कर्मचारियों को मिलेगा लाभ
- कार्ड नहीं मिलने से हो सकती है परेशानी




### एक ही फॉर्मेट का होगा पालन

एसईसीएल सहित सभी अनुषंगी कंपनियों में एक ही प्रकार के फॉर्मेट का पालन किया जाएगा ताकि देश के किसी भी हिस्से में रह रहे कोलकर्मी को सुविधाओं का लाभ लेने में कोई भिन्नता महसूस न हो। कोल इंडिया के इस फैसले से उन हजारों सेवानिवृत्त कोयला कर्मचारियों में संतोष का भाव देखा जा रहा है, जो लंबे समय से इस मांग के पूरा होने का इंतजार कर रहे थे। उम्मीद जताई जा रही है कि अगले कुछ हफ्तों के भीतर वितरण की प्रक्रिया धरातल पर शुरू हो जाएगी, जिससे सेवानिवृत्त कर्मियों को सम्मान के साथ सुविधा का अधिकार मिल सकेगा।

### सूचीबद्ध अस्पतालों में आसानी से मिलेगी सुविधा

इस स्मार्ट कार्ड के मिल जाने से सेवानिवृत्त कोयला कर्मचारियों को सूचीबद्ध अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाओं और अन्य अनुषंगी सुविधाओं का लाभ लेने में आसानी होगी। वर्तमान में भौतिक कार्ड के अभाव में कई बुजुर्ग कर्मियों को अपनी पहचान साबित करने और कैशलेस सुविधाओं का लाभ उठाने में जटिलताओं का सामना करना पड़ रहा था। कोल इंडिया ने अपने सभी सहायक कंपनियों एसईसीएल, एमसीएल, एनसीएल, डब्ल्यूसीएल, सीएमपीडीआईएल और एनईसी के मानव संसाधन विभाग को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि इस प्रक्रिया को बिना किसी देरी के क्रियान्वित किया जाए।

## 60 : 40 के फार्मूले को लंबे समय बाद बदला गया

# केसीसी लोन का दायरा बढ़ा अब ज्यादा मिलेगी नगद राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

किसानों को अब चालू वित्तीय वर्ष में नए फार्मूले के हिसाब से लोन दिया जाएगा। इसके लिए राज्य सरकार ने लंबे समय से चल रहे 60 : 40 के फार्मूले को बदलकर 70: 30 का फार्मूला तैयार किया है। इस फार्मूले से किसानों को अब ज्यादा नगद राशि मिलेगी।

केसीसी लोन में लंबे समय से 60: 40 का फार्मूला सहकारी बैंकों में लागू था। जिसके अनुसार 60 प्रतितशत नगद राशि दी जाती थी और 40 प्रतिशत वस्तु के रूप में दिया जाता था। जिसमें खाद व बीज दोनों शामिल थे। उदाहरण स्वरूप अगर कोई किसान एक लाख रुपए का केसीसी प्रकरण तैयार कराया है तो उसे अब 70 हजार रुपए नगद और 30 हजार रुपए की सामग्री दी जाएगी। पूर्व में यह 60 हजार रुपए नगद दिया जाता था और 40 हजार रुपए की सामग्री दी जाती थी। नए फार्मूले के हिसाब से दो श्रेणियां तैयार की गई हैं। धान के सिंचित क्षेत्र हेतु 66 हजार रुपए प्रति एकड़ की दर से लोन दिया जाएगा वहीं असिंचित क्षेत्र के लिए 60 हजार 500 रुपए लोन दिया जाएगा।

**खास बात**

- अब 70 : 30 का फार्मूला होगा लागू




### अब लोन वसूली का बैंक प्रबंधन पर बढ़ेगा दबाव

बीते वर्ष धान बेचने और केसीसी लोन लेने के लिए 51 हजार किसानों ने पंजीयन कराया था और इन किसानों को केसीसी लोन के रुप में 30 करोड़ से अधिक की राशि वितरीत की गई थी। यह राशि पुराने फार्मूले 60 और 40 के अनुपात में दी गई थी। नये फार्मूले 70 और 30 के लागू होने के बाद केसीसी लोन के रुप में दी जाने वाली नगद राशि का आंकड़ा अब तक पिछले वर्ष की तुलना में बढ़ जाएगा। जिले के सहकारी बैंकों के द्वारा दिए जाने वाली ऋण की वसूली धान खरीदी के दौरान की जाती है। उसमें भी ऐसे किसान हैं जो केसीसी लोन लेने के बाद भी धान बेचने नहीं आते। परिणाम स्वरुप ऐसे किसानों से लोन की वसूली के लिए घर घर जाकर अभियान चलाया जाता है। नया फार्मुला लागू होने के बाद लोन लेने के लिए किसानों की संख्या बढ़ेगी और इससे सहकारी बैंकों में आर्थिक भार बढ़ने के साथ बांटे गए लोन की वसूली का दबाव भी बढ़ेगा। इसके साथ ही सहकारी समिति जहां से केसीसी के प्रकरण तैयार कर बैंकों को भेजे जाते हैं उन समितियों पर भी किसानों से ऋण की वसूली के लिए दबाव बढ़ेगा। मुख्यत : ऋण की वसूली सहकारी समितियों के द्वारा की धान खरीदी सीजन के दौरान की जाती है।

### पशु पालन और मत्स्य पालन के लिए मिलेगा लोन

सहकारी समितियों से ज्यादातर धान की खेती के लिए ही केसीसी लोन किसानों के द्वारा लिये जाते थे। अब पशु पालन के साथ मत्स्य पालन और उद्यानिकी के लिए भी केसीसी लोन बनाए जा सकेंगे। जिले में अधिकतर किसान अब तक धान की खेती के लिए ही केसीसी लोन लिए हैं। मत्स्य एवं पशु पालन के लिए लोन लेने वाले किसानों की संख्या नाम मात्र की है। पशु पालन के लिए कुछ किसानों ने जरूर लोन लिए थे लेकिन वे अन्य बैंकों से लिए थे। जिले में मत्स्य पालन की बड़े कार्य नहीं होने के कारण यहां मत्स्य कृषकों की संख्या भी अपेक्षा से कम है।

# नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म को अंजाम देने वाले आरोपी को मिली 20 साल की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक साल पूर्व नाबालिक किशोरी के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने वाले युवक के खिलाफ दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने उसे 20 वर्ष सश्रम कारावास व 12 सौ रुपए अर्थदंड की सजा से दंडित किया है। अतिरिक्त लोक अभियोजक सुनील कुमार मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत दशरथ सिदार 19 वर्ष पिता प्रताप सिंह सिदार ने वर्ष 2025 में एक 10 वर्षी नाबालिक किशोरी को उसके घर से उठाकर पास के सागौन बाड़ी जंगल ले गया था और उसके साथ दुष्कर्म घटना को अंजाम दिया था। मामला सामने आने के बाद पुलिस ने आरोपी दशरथ सिदार के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध किया था और मामले को अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी सीमा प्रताप चंद्रा के न्यायालय में पेश किया था। जहां आरोपी दशरथ सिदार के खिलाफ दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने उसे 20 वर्ष सश्रम कारावास व 12 सौ रुपए अर्थदंड की सजा से दंडित किया है। मामले में शासन की ओर से अतिरिक्त लोक अभियोजक सुनील प्रसाद मिश्रा ने पैरवी की है।

### चाकू बाजी के मामले में आरोपी को मिली 5 साल की सजा

सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत पोड़ीबाहर बस्ती में निवासरत राजकुमार सिंह उर्फ राजा उम्र 28 वर्ष ने बस्ती में निवास करने वाले मोहित विश्वकर्मा नामक युवक पर पुराने लेनदेन के विवाद को लेकर वर्ष 2025 में अपने पास में रखे चाकू से मोहित विश्वकर्मा पर जानलेवा हमला कर दिया था। इस मामले में सिविल लाइन पुलिस ने राजकुमार के खिलाफ अपराध दर्ज कर न्यायालय में पेश किया था। जहां मामले की सुनवाई तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश सुनील नन्दे के न्यायालय में हुई जहां आरोपी राजकुमार के खिलाफ दोष सिद्ध होने पर उसे 5 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा से दंडित किया गया है। मामले में अतिरिक्त लोक अभियोजक कृष्ण कुमार द्विवेदी व टिकम साव अभियोजन की ओर से परवी की है।

# जटगा रेंज में 48 हाथियों का झुंड कर रहा विचरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वनमंडल कटघोरा के जटगा रेंज में हाथियों की मौजूदगी लगातार बनी हुई है। यहां के जटगा रेंज अंतर्गत स्थित मेरउड़ पहाड़ पर 48 हाथियों का झुंड विचरण कर रहे हैं। हाथियों को यहां का वातावरण काफी रास आ रहा है। हाथी दिनभर पहाड़ पर स्थित एक नाले के निकट विश्राम करते हैं और शाम होते ही चारा व पानी की तलाश में पहाड़ पर विचरण करते रहते हैं। हाथियों का झुंड अधिकांश समय पहाड़ पर भी रहता है। बीच-बीच में नीचे उतर कर इधर-उधर घूमने के बाद फिर वापस लौट जाता है और पहाड़ पर विश्राम करने लगता है। यह सिलसिला विगत दो माह से जारी है। हालांकि हाथियों के पहाड़ पर रहने की वजह से क्षेत्र में कोई बड़ा नुकसान नहीं हो रहा है। फिर भी वन विभाग सतर्कता बरत रहा है और हाथियों की निगरानी लगातार की जा रही है। इस कार्य में ड्रोन कैमरे के अलावा मैदानी अमले की मदद ली जा रही है।


फाइल फोटो

# नशे में धुत युवक चला रहा था कार जा घुसी दुकान में, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नशे में धुत्त एक कार चालक तेज रफ्तार बेकाबू कार सडक़ छोडक़र मोबाइल दुकान में जा घुसी। हादसे के होते ही मौके पर अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई थी। हादसे के होते ही मौके पर पुलिस की टीम पहुंची और कार चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है। जानकारी के अनुसार घटना बुधवार की सुबह 11.30 बजे घटित हुई है। जांजगीर-चांपा जिले की पासिंग गाड़ी संख्या सीजी-11एडी-6633 कोरबा शहर से ट्रांसपोर्ट नगर की ओर आ रही थी। इसमें ड्राइवर ⏭ शेष पेज 3 पर

**खास बात**

- सोनालिया मोड़ के समीप बुधवार की सुबह हुई घटना



दुर्घटनाकारित कार जो जा घुसी थी दुकान में।

# सेवानिवृत्त एएसआई के घर दूसरी बार चोरों ने बोला धावा, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सीएसईबी कॉलोनी में निवासरत सेवानिवृत्त एएसआई के घर एक बार फिर से चोरों ने धावा बोलकर उसके सूने मकान में नगदी रकम सहित अन्य सामानों की चोरी की है। मामला सामने आने के बाद पुलिस की टीम हरकत में आयी और डाग स्क्वाड सहित पुलिस के दलबल सहित मौके पर पहुंचे थे। जहां पुलिस ने घटना स्थल का बारिकी से निरीक्षण किया है। एएसआई के पिछले कुछ महीनों में चोरी की दूसरी वारदात है। पहली बार जब एएसआई के घर चोरी हुआ तो लाखों के स्वर्ण आभूषण चोरी हुई थी फिलहाल पुलिस इस मामले की तहकीकात में जुटी हुई है।

मामला सिविल लाईन थाना क्षेत्र के सीएसईबी कॉलोनी में बीती रात को घटित हुई है। बताया जाता है कि सेवानिवृत्त एएसआई ग्लेटविन कुमार अपने भांजे की बारात में शामिल होने परिवार सहित रायपुर गए हुए थे। इसी दौरान सूने मकान को देखकर लगभग 2 बजे घर घुसे और घर में रखे 35 हजार रुपए, दो चांदी के सिक्के, लैपटॉप सहित अन्य सामानों की चोरी की है। बुधवार की सुबह पड़ोसियों को जब पता चला कि ग्लेटविन के घर चोरों ने वारदात को आंजाम दिया है जिसके उपरांत नगर पुलिस अधीक्षक प्रतीक चतुर्वेदी, सिविल लाईन थाना प्रभारी नवीन पटेल, डाग स्क्वाड की टीम मौके पर पहुंची थी। जहां पुलिस ने घटना स्थल से सीसीटीवी फुटेज हासिल किया है जिसके आधार पर पुलिस चोरों के धरपकड़ के प्रयास में जुटी हुई है। ज्ञात रहे कि इससे पूर्व एएसआई के घर चोरों ने लाखों का माल पार कर दिया था। कुछ महीनों के भीतर ही चोरी की यह दूसरी वारदात है। कुल सामानों की कीमत लगभग 35 हजार बतायी जा रही है। ग्लेटविन के आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी कि उनके घर से कितने की चोरी हुई है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

**खास बात**

- भांजे की शादी में शामिल होने गया था परिवार


मकान का टूटा हुआ दरवाजा।

## अन्य जिलों के खेतों व तालाबों को मिल रहा पानी

# ग्रामीण अंचलों के तालाब नहरों के पानी से नहीं भरे जा रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में दो बड़े बांध होने के बावजूद ग्रामीण अंचलों के तालाबों को गर्मी के दिनों में भरने के लिए नहरों का पानी नहीं मिल रहा है। इसका मुख्य कारण सिंचाई विभाग और पंचायत के द्वारा तालाब भरने हेतु प्रबंध नहीं किए जाने के साथ इसका प्रस्ताव भी प्रशासन को नहीं भेजा गया। जबकि करतला ब्लाक के मैदानी क्षेत्र से नहरों के गुजरने से क्षेत्र के तालाबों को भरा जा सकता था।

बांगो और हसदेव बराज जैसे बड़े बांध का पानी रबी के फसल के लिए नहरों से छोड़ा जाता है। और इस पानी से पड़ोसी जिला चांपा-जांजगीर के खेतों को पानी मिलने के साथ वहां के दो से तीन एकड़ में फैले बड़े तालाबों को भरा भी जा रहा है। वहीं कोरबा जिले में इन बांधों के पानी से अंचल के कोई भी तालाब नहीं भरे जा रहे हैं। जबकि जिले में तालाबों की संख्या 1500 से अधिक है और इनका क्षेत्रफल भी एक एकड़ या ⏭ शेष पेज 3 पर



### तालाबों तक पानी पहुंचाने बनानी होगी नहर

सिंचाई विभाग के मुख्य नहर से तालाबों को भरने के लिए छोटी छोटी शाखा नहर बनाना होगा और यह काम पंचायतों को अपने मद से करना है। किन्तु ग्राम पंचायतों के द्वारा पीएचई विभाग के जल जीवन मिशन और नल जल योजना से गांव की प्यास बुझाने तक ही प्रस्ताव तैयार किया जाता है। करतला ब्लाक की किसी भी पंचायत से जहां से नहर गुजरती है ऐसा कोई प्रस्ताव तालाबों को भरने के लिए जनपद व जिला पंचायत में नहीं मिले हैं।

WE ARE HIRING
Job Opening
CIRCULATION ASSISTANT MANAGER
Position : Circulation Assistant Manager - 2 Post
Location : Raipur City
We are looking for a dynamic, Target Oriented and motivated Circulation Assistant to Join our team.
Qualifications :
- MBA (Marketing) from a recognized institution
- 3-5 Years of relevant experience in circulation Department
- Age 25 to 30 Years
Responsibilities :
- Manage circulation and distribution of publications
- Handle customer queries
- Maintain accurate circulation records
How to Apply
Interested candidates may send their resume to Email : inhnewshr@gmail.com
Last Date to Apply : 10 April 2026
हरिभूमि inh Opp. Pujari Park, Dhamtari Road, Tikrapara, Raipur

## खबर संक्षेप

### 1186 शराबी वाहन चालकों पर कार्रवाई

**बिलासपुर।** एसएसपी रजनेश सिंह के दिशा निर्देश पर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रामगोपाल करियारे के पर्यवेक्षण में लगातार यातायात नियमों के पालन कराने जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। यातायात नियमों एवं सुरक्षा मापदंडों का उल्लंघन करने वालों पर सघन एवं सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसके तह 1186 शराबी वाहन चालकों पर कार्रवाई करते हुए प्रकरण कोर्ट में भेजा गया। एसएसपी श्री सिंह ने बताया कि अधिकांशत सड़क दुर्घटनाओं शाम 16:00 से रात्रि 21:00 तक एवं दोपहर को 12 से शाम 6 बजे तक सर्वाधिक सड़क दुर्घटनाएं होती है। सड़क दुर्घटनाओं में दुपहिया कार, पिकअप, ट्रक एवं अन्य वाहन चालक जिम्मेदार पाए जाते हैं। इसे दृष्टिगत रखते हुए इलेक्ट्रॉनिक सिग्नल व भारी वाहनों का डायवर्सन एवं एकांगी मार्गों का अधिक उपयोग किया जा रहा है। प्रतिदिन यातायात के जवान व अधिकारी तैनात कर सुगम एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने यातायात के जवान मुस्तैदी के साथ ड्यूटी कर रहे हैं। बिलासपुर शहर सहित जिले के राष्ट्रीय राजमार्ग एवं एमडीआर में अधिकांश स्थलों, मार्गो, चौक चौराहों पर ट्रैफिक संकेत और सड़क चिन्ह लगाए गए हैं।

### गैस सिलेण्डर चोरी करने आरोप लगाकर युवक से मारपीट

**बिलासपुर।** गैस सिलेण्डर चोरी करने का आरोप लगाकर युवकों ने एक युवक के साथ हाथ मुक्का, बेल्ट से जमकर मारपीट कर दी है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, पीसीसी कंपनी में काम करने वाले कमलेश पाल पिता स्व. जन्तराम पाल 6 अप्रैल को कंपनी के सुपरवाइजर अनुज के साथ बैठकर रात मे शराब पीए। उसके बाद वे घर जा रहे थे। नयापारा सामुदायिक भवन के पास भागीरथी श्रीवास उसका भाई व अन्य युवक ने गैस सिलेण्डर चोरी करने आने का आरोप लगाकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का डण्डा बेल्ट से जमकर मारपीट की गई है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर हमलावरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### झपट्टा मारकर युवती से मोबाइल की लूट

**बिलासपुर।** स्कूटी से जा रही युवक के हाथ से झपट्टा मारते हुए मोबाइल लूटकर बाइक सवार युवक भाग गया। पुलिस युवक का सुराग नहीं लगा पाई है। तारबाहर पुलिस के अनुसार, 7 अप्रैल को शाम 6 बजे सिंधी कालोनी निवासी पलक बजाज पिता राजा बजाज सीए के काम से गांधी चौक स्थित एसबीआई बैंक गई थी। काम करके वह स्कूटी से शिव टाकीज चौक होते हुए घर जा रही थी। चौक में स्कूटी धीरे कर पुराना बस स्टैण्ड की ओर जा रही थी। इसी दौरान एक्टिवा से दो युवक आए और पीछे बैठे युवक ने स्कूटी की डिक्की में रखे उनके मोबाइल को झपट्टा मारकर निकाल लिया और तेजी से भाग गए। उन्होंने कुछ दूर तक उसका पीछा भी किया, किन्तु युवक भाग निकले। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात युवकों के खिलाफ बीएनएस की धारा 304 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

**जीनस कंपनी के पास नहीं हैं कर्मचारी**


**सकरी बिजली कार्यालय में दिख रही गजब की भर्राशाही**

# मीटर लगाने में बिजली विभाग को लग रहे 15 दिन, उपभोक्ता परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिजली विभाग जीनस कंपनी को स्मार्ट मीटर लगाने का ठेका देकर चैन की नींद सो रहा है, लेकिन उसकी उदासीनता बिजली उपभोक्ताओं के लिए परेशानी का सबब बन रही है। डिमांड ड्राफ्ट और भुगतान होने के बाद भी उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर के लिए तरसना पड़ रहा है, जिससे एक ओर आर्थिक बोझ से जूझना पड़ रहा है, वहीं घरों में अचानक लोड बढ़ने से बिजली बंद की समस्या आ रही है।

मामला सकरी बिजली कार्यालय के अंतर्गत नेचर सिटी का है। गर्मी बढ़ते ही बिजली बंद की समस्या बढ़ रही है। ऐसे में एसी और कूलर के कारण घरों में लोड की समस्या आ रही है, जिसका सीधा असर ट्रांसफार्मर पर पड़ने लगा है। ऐसे में उपभोक्ता स्वयं के व्यय से घरों में बिजली मीटर लोड बढ़ावा रहे हैं, सिंगल कनेक्शन से थ्री फेस कनेक्शन लिया जा रहा है, लेकिन बिजली विभाग उपभोक्ताओं को कनेक्शन देने और नया मीटर लगाने में कोताही बरत रहा है। हाल यह है कि डिमांड ड्राफ्ट और भुगतान होने के बाद मीटर के लिए जीनस कंपनी के कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंच रहे हैं। बताया जा रहा है कि जिस जीनस कंपनी को स्मार्ट मीटर लगाने का ठेका दिया गया है, उसके पास कर्मचारियों की कमी बनी हुई है। जिसके चलते उपभोक्ताओं के घर, कार्यालय में मीटर नहीं लगाया जा सका है, हालत यह है कि आवेदन के 15 दिनों के बाद भी मीटर नहीं लग रहा है। इसके चलते बिजली उपभोक्ताओं को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।




### नहीं सून रहे कर्मचारी

खास बात यह है कि जहां बिजली विभाग के उच्च अधिकारी ज्यादा से ज्यादा स्मार्ट मीटर लगाने को लेकर बल दे रहे हैं, वहीं कर्मचारी इसके लेकर कोताही बरत रहे हैं। स्मार्ट मीटर के लगाने को लेकर अधिकारियों तक शिकायत पहुंचाई जा रही है, और अधिकारियों के द्वारा कर्मचारियों को निर्देशित किया जा रहा है लेकिन कर्मचारियों को अधिकारियों का भय तक नहीं है। ऐसे में 15 दिनों तक उपभोक्ताओं के घरों में कनेक्शन नहीं लग रहा है।

### कार्रवाई की जाएगी

भुगतान होने के 2 दिनों के भीतर मीटर लगाया जाना चाहिए। जिन कर्मचारियों ने मीटर लगाने में कोताही बरती है, उन पर कार्रवाई की जाएगी।

**-एसके जांगड़े**, अधीक्षण यंत्री, बिजली विभाग

## गर्मी आते ही सूखे पौधे...





*बिलासपुर। हर साल बारिश में सड़कों के किनारे, डिवाइडर पर पौधे रोपे जाते है, लेकिन गर्मी का मौसम आते-आते यह सूखने की कगार पर पहुंच जाते है। यही कारण है कि शहर के कई जगहों पर सूखे पौधे नजर आ रहे हैं और डिवाइडर पूरी तरह से उजाड़ होने लगा है। शहर के राजीव गांधी चौक, तेलीपारा, लिंक रोड जैसे जगहों पर महज पौधों के ठूठ दिखाई दे रहे हैं। दरअसल इन पौधों को पानी देने का काम नगर निगम विभाग का है, लेकिन कर्मचारियों की लापरवाही और संवेदनहीनता के चलते पौधे अब सूख चुके हैं। यही हाल रहा तो आने वाले दिनों में लोगों को छाया ढूंढ़ने से भी नहीं मिलेगी।*



# ननि कमिश्नर ने अनुपस्थित कर्मचारियों को दिया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम कमिश्नर प्रकाश सर्वे ने बुधवार दोपहर बाद निगम मुख्यालय विकास भवन स्थित कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अनुपस्थित पाए गए दो क्लर्क को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

नगर निगम के अधिकारियों-कर्मचारियों की दोपहर बाद उपस्थिति को परखने के लिए नगर निगम कमिश्नर प्रकाश सर्वे ने आज शाम करीब साढ़े चार बजे निगम कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान सभी शाखाओं में जाकर फाइलों की जांच की और लंबित प्रकरणों को समय सीमा के भीतर जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के समय अपनी सीट पर अनुपस्थित पाए गए योजना शाखा के दो कर्मचारियों के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए निगम कमिश्नर ने उन कर्मचारियों को तत्काल नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। निगम कमिश्नर श्री सर्वे ने स्पष्ट रूप से कहा है कि कार्य के प्रति लापरवाही और अनुशासनहीनता किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसी तरह कार्यालय के स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यालय में फाइलों का व्यवस्थित प्रबंधन और नियमित साफ-सफाई अनिवार्य है ताकि यहां आने वाले नागरिकों को एक सुखद अनुभव मिलें और कार्यक्षमता में वृद्धि हो।

- **लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण व साफ-सफाई के दिए निर्देश**



### आवास शाखा के कर्मचारी को नोटिस

निगम कमिश्नर ने निगम की सभी शाखाओं में जाकर फाइलों के रखरखाव और उनके निराकरण की स्थिति देखी। उन्होंने विशेष रूप से प्रधानमंत्री आवास शाखा के निरीक्षण दौरान प्राप्त आवेदनों की समीक्षा की और पाया कि कुछ प्रकरण लंबे समय से लंबित है। जिसपर नाराजगी जताते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवेदनों के त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए ताकि पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ जल्द से जल्द मिले। प्रधानमंत्री आवास शाखा में आवेदनों के निराकरण में देरी करने पर संबंधित क्लर्क को भी नोटिस करने के निर्देश दिए है। इसके अलावा भवन शाखा में भवन अनुज्ञा के लंबित प्रकरणों की जानकारी लेते हुए समय सीमा के भीतर निराकरण के निर्देश दिए है। पूर्व में दिए गए निर्देशों के तहत सभी विभागों के सामने पट्टिका अत तक नहीं लगने पर भी स्टोर प्रभारी को नोटिस जारी किया गया है।

**खनिज विभाग की कार्रवाई**

# खनिज चोरों की आई शामत, जेसीबी पोकलेन सहित 21 वाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

खनिजों के अवैध उत्खनन व परिवहन के अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए खनिज विभाग ने 14 ट्रैक्टर, 5 हाईवा, 1 जेसीबी व 1 पोकलेन सहित 21 वाहनों की जब्ती की है। जब्त सभी वाहनों को अलग-अलग थानों व पुलिस चौकियों में रखा गया है।

खनिज चोरों के खिलाफ खनिज विभाग द्वारा बुधवार को बड़ी कार्रवाई की गई है। विभाग द्वारा खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एंव भण्डारण के विभिन्न मामलों में तीन दिनों में विभिन्न क्षेत्रों में छापामार कार्रवाई कर बड़ी सफलता प्राप्त की गई है। इसके अंतर्गत विभाग द्वारा रतखंडी व धुमा, मानिकपुर लावर व राजपुर केकती क्षेत्र की जाँच की गयी। जाँच के दौरान रतखंडी क्षेत्र अंतर्गत अरपा नदी क्षेत्र से खनिज रेत का अवैध उतखनन व परिवहन करते 10 ट्रैक्टर ट्राली वाहनों को जब्त किया गया है। इसी तरह धुमा मानिकपुर क्षेत्र से खनिज मिट्टी का अवैध उतखनन व परिवहन करते 01 पोकलेन मशीन व 04 हाइवा वाहनों को जब्त किया गया है।

लावर क्षेत्र से खनिज रेत का परिवहन करते 01 हाइवा जब्त किया गया है। राजपुर केकती क्षेत्र से खनिज मिट्टी का अवैध उत्खनन करते 01 जे सी बी व 04 ट्रैक्टर को जब्त किया गया है। बुटेना क्षेत्र से मुरुम का अवैध उत्खनन करते 01 जे सी बी वाहन को जब्त किया गया है। इस प्रकार जब्त कुल 21 वाहनों को पुलिस चौकी बेलगहना तथा खनिज जाँच चौकी लावर की अभिरक्षा मे रखा गया है।



### जारी रहेगी कार्रवाई

सूचना के आधार पर विभाग की टीम ने पिछले तीन दिनों में खनिज चोरी में संलिप्त एक पोकलेन, एक जेसीबी, पांच हाईवा सहित 21 वाहनों की जब्ती की है। खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन व भण्डारण पर खनिज विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जाती रहेगी।

**-किशोर कुमार गोलघाटे**, उपसंचालक, खनिज विभाग

## बेरियर बूम को क्षतिग्रस्त करने वाला पकड़ा गया

**बिलासपुर।** रेल मंडल बिलासपुर से जयरामनगर के बीच एलसी गेट पर कर्मचारी ने जैसे ही बेरियर को ओपन किया, वैसे ही गाड़ी को चालक ने तत्काल आगे कर दिया। गाड़ी से टकराकर बेरियर बूम क्षतिग्रस्त हो गया। इसके कारण कुछ घंटो तक हावड़ा-मुम्बई की लाइन भी प्रभावित हुई। वहीं सूचना मिलते ही आरपीएफ ने मौके पर पहुंचकर वाहन चालक शाहरूख खान को गिरफ्तार कर वाहन जब्त कर लिया है। आरपीएफ से मिली जानकारी के अनुसार दोपहर 14.10 बजे बिलासपुर आरपीएफ को जयरामनगर स्टेशन में ड्यूटी कर रहे प्रधान आरक्षक एमके राठौर से सूचना मिली कि समपार फाटक को वाहन क्रमांक सीजी 10 बीवाय 1705 के चालक ने क्षतिग्रस्त कर दिया है। सूचना मिलते ही उपनिरीक्षक एसबी सिंह, आरक्षक उज्जवल किशोर 15.30 बजे जयरामनगर समपार फाटक पहुंचे। गेट पर मौजूद रेलकर्मी गेटकीपर संदीप कुमार ने पूछताछ में जानकारी दी कि समपार फाटक हावड़ा-मुम्बई लाइन पर है, जहां ट्रेन रवाना होने के बाद बेरियर को ओपन करने के लिए बटन दबाया, जिसके बाद हूटर बजना शुरु हो गया। इस दौरान एफसीआई गोदाम की ओर से आ रहे एक ट्रेलर वाहन के चालक ने बंद समपार फाटक को लापरवाहीपूर्वक चलाकर टक्कर मार दी। इसके कारण लाइन और फाटक के दोनों ओर यातायात प्रभावित हो गया। बेरियर बूम के क्षतिग्रस्त होने की सूचना पर संबंधित विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर मरम्मत कार्य शुरु किया। वहीं आरपीएफ को आरोपी वाहन चालक बभनी थाना बरडीहा गढ़वा झारखंड निवासी शाहरूख खान पिता मोहम्मद आजाद खान 22 वर्ष से जानकारी मिली कि वह अमित कुकरेजा की गाड़ी चलाता है और राशी प्लांट से खाली ट्रेलर वाहन लेकर एफसीआई गोदाम की ओर से जयरामनगर एलसी गेट पहुंचा था, जहां जल्दबाजी में निकलने के चक्कर में घटना हो गई। पूछताछ के बाद आरपीएफ ने आरोपी वाहन चालक शाहरुख खान के खिलाफ रेलवे एक्ट की धारा 160 (बी), 174(सी) के तहत कार्रवाई कर गिरफ्तार कर लिया है।

## टूटी ट्रॉली से ढोई जा रही दवा, सिम्स में अव्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

लाखों रूपए खर्च कर सिम्स प्रबंधन दवा वितरण और संग्रहण के लिए ट्रॉली की खरीदी कर चुका है लेकिन गुणवत्ताहीन ट्रॉलियों के कारण कर्मचारियों को सहुलियत की जगह परेशानी उठानी पड़ रही है लेकिन प्रबंधन को इसकी जानकारी तक नहीं है।

सिम्स का मेडिसीन स्टोर अस्पताल से बाहर स्थित है। स्टोर से हर वार्ड में दवाईयां पहुंचाने के लिए ट्रॉली मंगाई गई है, लेकिन इस गुणवत्ताहीन ट्रॉलियां टूटने लगी है। चक्के निकलने के बाद इन्हें घसीट कर ले जाना पड़ रहा है। जिससे कर्मचारियों के साथ ही मरीजों को भी असुविधा का समना करना पड़ रहा है। इससे एक-एक वार्ड तक दवा पहुंचाना किसी मुसीबत से कम नहीं है। बताया जा रहा है कि वार्ड प्रभारी व डाक्टर को इसकी जानकारी भी है, लेकिन इसके बावजूद टूटी ट्रालियां से ही ग्राउंड फ्लोर से 4 फ्लोर तक दवा पहुंचाई जा रही है।



# ओडिसा से पकड़ा गया गांजा सप्लाई करने वाला

**अंबिकापुर।** गांजा तस्करी के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सप्लाई करता को उड़ीसा से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। इसके पूर्व पुलिस इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार करने के साथ ही उनके पास से 4 किलोग्राम गांजा, आई 20 कार सहित अन्य सामान बरामद कर चुकी है।

बता दें कि एसएसपी राजेश अग्रवाल के निर्देश पर गांजा तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में रघुनाथपुर चौकी पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर 26 फरवरी को एनएच 43 किनारे घेराबंदी की। एनएच किनारे आई 20 कार क्रमांक सीजी 10 एएल 8571 के पास 4 व्यक्ति कुछ सामान लेन-देन करते नजर आए। ऐसे में पुलिस ने घेराबंदी कर मौके से रायगढ़ लैलूंगा मुड़ापारा नारायणपुर निवासी 26 वर्षीय हेमसागर यादव आ. पोरना राम यादव, जशपुर तुमला कोलेनझरिया निवासी 25 वर्षीय खीरो यादव आ. सुशील यादव, लैलूंगा पोतरा निवासी 24 वर्षीय भूपेंद्र यादव आ. लोचन यादव व रघुनाथपुर गंगापुर निवासी 35 वर्षीय मुरारी लाल चौबे आ. तीरथ राज चौबे को हिरासत में लेकर उनके पास से 4 किलोग्राम अवैध गांजा, आई 20 कार, 6 नग मोबाइल बरामद किया था। पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने उड़ीसा के सुन्दरगढ़ निवासी नन्द कुमार साहू से गांजा खरीदकर लाने की बात कही थी पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था इसके साथ ही सप्लायर की लताश जारी थी।

**जांच व निरीक्षण पूरा, अब भारत सरकार को जाएगी रिपोर्ट**

# विशेषज्ञों की जांच पूरी, चिकन की बिक्री पर प्रतिबंध हटाने अब रिपोर्ट का इंतजार

**बिलासपुर।** बर्ड फ्लू के मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले संभावित प्रभाव की जांच करने पिछले तीन दिनों से शहर में ठहरी एम्स रायपुर की चार सदस्यीय विशेषज्ञों की टीम ने बुधवार को अपनी जांच पूरी कर ली है। अब वे अपनी जांच की विस्तृत रिपोर्ट भारत सरकार व कलेक्टर को सौंपेंगे। रिपोर्ट के आधार पर ही पिछले 21 दिनों से चिकन की बिक्री पर लगा प्रतिबंध हटाया जा सकेगा।

- **एम्स रायपुर के चार विशेषज्ञों की टीम ने तीन दिनों तक किया सतत निरीक्षण**

बर्ड फ्लू का असर मुर्गे, मुर्गी व चूजों में तो देखा गया, लेकिन क्या इसका असर शहर व आसपास निवासरत नागरिकों में भी फैल चुका है? इस बात का पता लगाने भारत सरकार के निर्देशानुसार एम्स रायपुर की चार सदस्यीय विशेषज्ञों की टीम बिलासपुर शहर पहुंची थी। यहां उन्होंने शासकीय कुक्कुट पालन प्रक्षेत्र कोनी का कई बार निरीक्षण किया था। इसी तरह दूसरे दिन भी वे प्रक्षेत्र जाकर कर्मचारियों का हालचाल लेते रहे। टीम के विशेषज्ञों ने स्वास्थ्य अमले की भी बैठक लेकर संदिग्धों का आरटीपीसीआर टेस्ट करने का निर्देश दिया था।निरीक्षण के तीसरे व अंतिम दिन टीम ने बुधवार को वेटनरी कॉलेज व आसपास के गांव का निरीक्षण किया। ज्ञात हो कि बर्ड फ्लू की चपेट में आने के बाद वेटनरी कॉलेज में भी 1895 मुर्गे, मुर्गियों एवं चूजों का नष्टीकरण किया गया था। इसके बाद पूरे क्षेत्र को सेनेटाईज किया गया था। विशेषज्ञों ने कॉलेज में सेनेटाईजेशन की स्थिति की सूक्ष्म जांच की। टीम अब अपने तीन दिनों तक किए निरीक्षण की विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर कलेक्टर व भारत सरकार को सौंपेगी। इसी आधार पर बिलासपुर शहर में चिकन व अंडों की बिक्री पर लगाया गया प्रतिबंध हटाया जा सकेगा।



### पूरी हो गई है जांच

एम्स रायपुर के विशेषज्ञों की टीम ने अपनी जांच पूरी कर ली है। अब वे विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर कलेक्टर व भारत सरकार को सबमिट करेंगे। इस रिपोर्ट के आधार पर ही शहर में चिकन व अंडों की बिक्री पर लगाया गया प्रतिबंध हटाया जा सकेगा।

**-डा.जीएस तंवर,** संयुक्त संचालक पशुपालन विभाग

# आरक्षक की पत्नी को पुलिस सैलरी पैकेज के तहत दी गई 1 करोड़ की बीमा राशि

**अम्बिकापुर।** आरक्षक को निधन उपरान्त पुलिस सैलरी पैकेज के तहत एक करोड़ रूपए की जीवन बीमा राशि प्रदान की गई है। बुधवार को एसपी वैभव बैंकर के साथ ही एसबीआई के अधिकारियों ने मृतक की पत्नी को चेक प्रदान किया। बता दें कि सनावल थाना में पदस्थापना के दौरान आरक्षक 809 शिव बचन सिंह 12 मई 2025 को नदी में चल रहे रेत के अवैध उत्खनन के खिलाफ कार्रवाई करने गए हुए थे। इस दौरान झारखंड से आए हुए तस्करों ने देर रात 1.30 बजे ट्रैक्टर से कुचलकर आरक्षक की हत्या कर दी थी। इस मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया था। पुलिस के अनुसार छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राज्य के पुलिस कर्मियों के भविष्य के लिए महत्वाकांक्षी निःशुल्क पुलिस सैलरी पैकेज के तहत भारतीय स्टेट बैंक के साथ एमओयू किया गया है। जिसके तहत स्व. आरक्षक शिवबचन सिंह के नामिनी पत्नि वर्षा रानी सिंह को 1 करोड़ रुपए का जीवन बीमा सहायता चेक एसबीआई के क्षेत्रीय प्रबंधक अंबिकापुर अविनाश पाणिग्रही, मुख्य प्रबंधक एसबीआई बलरामपुर अभय सिंह द्वारा उनके परिजनों को उनकी जीवन बीमा की चेक एसपी वैभव बैंकर की मौजूदगी में सौंपा। इस दौरान एसपी श्री बैंकर ने बताया कि एसबीआई निःशुल्क पुलिस सैलरी पैकेज योजना पुलिस विभाग और भारतीय स्टेट बैंक के बीच हुये एमओयू.के तहत संचालित एक कल्याणकारी योजना है।



## खबर संक्षेप



### शोभा यात्रा के साथ मंदिरों मे किया गया हनुमान चालीसा का पाठ

**कोरबा।** मंगलवार की शाम 4 बजे से शोभा यात्रा का प्रारंभ किया गया। इसमें पंचमुखी हनुमान मंदिर से कुचेना मोड़ होते हुए। श्री श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर विकास नगर कुसमुंडा तक भव्य शोभा यात्रा निकली गई। इस यात्रा में काफी संख्या मे क्षेत्र से आये प्रभु जी की लीला में भक्त मगन थे। साथ ही प्रत्येक मंगलबार व शनिवार को सुंदरकांड के साथ हनुमान चालीसा का पाठ मंदिरों में होना बात कही गई। इस यात्रा में अमरजीत सिंह, वार्ड पार्षद गीता गभेल, कुसमुंडा ब्लॉक अध्यक्ष बसंत चंद्रा, उमेद्रा सिंह तोमर, रमन झा शैलेंद्र, रघुवीर सिंह शामिल हुए।

### मुरली में हुआ कांग्रेस बूथ संगठन पर चर्चा



**हरदीबाजार।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज के द्वारा सृजन संगठन के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत में कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रत्येक पंचायत वार्ड एवं बूथ में अध्यक्ष का गठन किया जाना है, जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा (ग्रामीण) के ब्लाक कांग्रेस कमेटी हरदीबाजार के द्वारा ग्राम पंचायत मुरली में गठन पर चर्चा करते हुए पूर्व विधायक कटघोरा पुरुषोत्तम कंवर ने कहा कि हर गरीब परिवार को कांग्रेस की रीति रिवाज एवं मुख्यधारा में जोड़कर आगे लाए, हर बूथ में कमेटी बनाकर बूथ को जिम्मेदारी से निर्वाहन कर एक जिम्मेदार कांग्रेस का सदस्य बनाया जाए। वहीं ब्लाक कांग्रेस कमेटी हरदीबाजार अध्यक्ष कौशल श्रीवास ने कहा कि संगठन सृजन एक ऐसा संगठन है जो अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी दिल्ली से इसका सीधा संबंध है जो कभी भी आप लोगों को जानकारी ले सकते हैं। इस बैठक में प्रमुख रूप से ब्लाक प्रभारी गुलशन जायसवाल, बुथ प्रभारी दुर्गेश यादव, बुथ प्रभारी तामेश्वर टेकाम, भैया राम यादव अध्यक्ष (मंडल कांग्रेस नोनबिर्रा), शेखर पटेल अध्यक्ष (मंडल कांग्रेस उतरदा), शंकर कंवर सरपंच मुरली, दशरथ कवर पूर्व सरपंच मुरली, विदेशी सिंह कंवर, प्यारेलाल नेताम पूर्व सरपंच रामपुर, जितेन्द्र राठौर, छतराम सिदार, जनक राम पटेल, रामनारायण पटेल, जयलाल पटेल, नंदू पटेल सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### प्रेस क्लब हरदीबाजार ने कटघोरा विधायक को भेंट किया स्मृतिचिन्ह



**हरदीबाजार।** कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल अपने दो वर्ष के कार्यकाल पर कटघोरा में 100 बेड हॉस्पिटल, हाईटेक बस स्टैंड, पितनी नदी पुलिया निर्माण, जवाली, झांझ में पुलिया, सड़क निर्माण पूर्ण किया। साथ ही अलग अलग क्षेत्रों में सीसी रोड सड़क, नल जल योजना से पानी आपूर्ति, समाज के लिए सामुदायिक भवन सहित अनेक प्रकार से उत्कृष्ट कार्य करने पर प्रेस क्लब हरदीबाजार के अध्यक्ष राजाराम राठौर, उपाध्यक्ष विनोद उपाध्याय, सचिव निलेंद्र राठौर ने विधायक निवास में स्मृतिचिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

### चिमनीभट्टा में कार्यकर्ताओं ने मनाया स्थापना दिवस

**कोरबा।** भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस पर वार्ड क्रमांक 14 अमरैयापारा, चिमनीभट्टा, रेलवे कॉलोनी में मनाया गया। इस दौरान वार्ड की पार्षद श्रीमती प्रभा टीकम राठौर, सुकेश दलाल, सुशील वर्मा, कृष्णा वैष्णव, मनोहर राव, अंकु शर्मा, हर्ष राठौर एवं अन्य कार्यकर्ताओं के द्वारा कार्यक्रम आयोजित की गई। कार्यकर्ताओं ने बताया कि संगठन से प्राप्त निर्देशों के अंतर्गत यह कोशिश की गई। इसके तहत सभी क्षेत्रों में इस तरह का काम किया गया। 6 अप्रैल से शुरू हुआ अभियान 14 अप्रैल तक चलेगा। इस दौरान कई गतिविधियां होंगी। संगठन की विचारधारा, नीतियों के साथ ही प्रदेश और केंद्र की सरकार की योजनाओं के बारे में जन सामान्य को अवगत कराया जाएगा।

# दुर्घटना के कारण बनने वाले स्थानों को ठीक करें निर्माण एजेंसी: दुदावत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

## जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में हुआ निर्णय



जिले में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने, नागरिकों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा सड़क सुरक्षा प्रबंधन को मजबूत बनाने हेतु कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी की उपस्थिति में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सड़क दुर्घटना नियंत्रण और सुधारात्मक उपायों पर विस्तृत चर्चा की गई। कलेक्टर ने सभी संबंधित विभागों को दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण के लिए त्वरित एवं ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए। बैठक में पुलिस विभाग, पीडब्ल्यूडी, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, परिवहन विभाग, एसईसीएल, बालको सहित विभिन्न औद्योगिक प्रतिष्ठानों के अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्री दुदावत ने चिन्हित ब्लैक स्पॉट एवं दुर्घटनाजन्य क्षेत्रों में आवागमन सुगम बनाने हेतु पेड़ों की कटाई, झाड़ियों की सफाई, सड़क किनारे अतिक्रमण हटाने, सोल्डर क्षेत्र को भरने, रेडियम युक्त संकेतक बोर्ड लगाने, रंबल स्ट्रिपर, प्रकाश व्यवस्था सुधार एवं नियमित पानी छिड़काव के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि निर्माण एजेंसियाँ और सार्वजनिक उपक्रम निर्धारित समय एक सप्ताह में सभी कार्य पूर्ण करें, अन्यथा दुर्घटना की स्थिति में कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में बैरा घाट, पोंडीकला घाट, लैंगा स्कूल मार्ग, कुकरीचोली-भैसमा रोड, भैसमा-सक्ती मोड़, उरगा चौक-कोरबा रोड, राताखार-जोड़ा पुल, बालको ऐश डेक रोड, गोपालपुर-छुरीकला, दीपका गौरव पथ सहित जिले के अत्यधिक व्यस्त एवं संवेदनशील मार्गों की समीक्षा की गई। प्रस्तुत रिपोर्ट में बताया गया कि कई स्थानों पर सड़क चौड़ीकरण, मोड़ सुधार, क्रैश बैरियर, रिफ्लेक्टर और अन्य इंजीनियरिंग सुधार कार्य पूर्ण होने के साथ कई कार्य प्रगति पर हैं। कलेक्टर ने बैरा घाट और पोडीकला घाट जैसे जोखिमपूर्ण इलाकों में दुर्घटनाओं का कारण बनने वाले वृक्षों की कटाई के लिए वन विभाग कटघोरा को निर्देशित किया। साथ ही सड़क सुरक्षा, ढाल सुधार, कटाव रोकथाम और किनारों की मजबूती पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने स्कूलों के समीप स्थित सड़क मार्गों पर विद्यार्थियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए संकेतक बोर्ड, स्पीड कंट्रोल उपाय और आवश्यक मरम्मत कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। अंत में कलेक्टर ने कहा कि सड़क सुरक्षा जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। सभी विभाग निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करें, संवेदनशील स्थलों की नियमित मॉनिटरिंग करें तथा लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी का उत्तरदायित्व तय किया जाएगा।

### भारी वाहनों के चालकों का नियमित नेत्र परीक्षण अनिवार्य

पूर्व बैठक में दिए गए निर्देशों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने एसईसीएल, बालको तथा सभी सार्वजनिक उपक्रमों को वर्ष में दो बार नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए। परिवहन अधिकारी को इस संबंध में सभी उपक्रमों को पत्र जारी करने के लिए कहा गया। कोयला एवं फ्लाई ऐश परिवहन मार्गों सहित गोपालपुर-छुरीकला, बालको-दर्री डेम मार्ग पर नियमित पानी छिड़काव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने पीडब्ल्यूडी सेतु विभाग को जिले के सभी पुल-पुलियों का सर्वे कराकर क्षतिग्रस्त बैरिकेडिंग, गड्ढों सहित अन्य मरम्मत कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए।

## तीन दिन में 15 दुकानों की जांच पड़ताल में निकली अनियमितता

# 119 खाद दुकानों के रिकार्डों की हो रही जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

खाद की जमाखोरी के खिलाफ बीते 3 दिन से चल रही प्रशासनिक कार्यवाही के दौरान जिले की सभी 119 खाद दुकानों को जांच के दायरे में लिया गया है। इस दौरान उनके रिकार्ड की जांच करते हुए लाइसेंस नवीनीकरण, बिना लाइसेंस और बिना रिकार्ड मेंटेन किए दुकानों के संचालन जैसे बिंदुओं पर जांच की जा रही है। अनियमितता पाए जाने पर दुकानों के खिलाफ खाद बिक्री पर रोक लगाने की भी कार्रवाई की गई है। 4 दुकानों पर अब तक खाद बिक्री पर रोक लगाई गई है।

खरीफ फसल का सीजन शुरु होने के पूर्व आने वाले दिनों में खाद भंडारण और उठाव के लिए बीते वर्ष किसानों को भटकना पड़ा था। राज्य शासन की ओर से इस बार बीते वर्ष की तरह किसानों को खाद के लिए परेशान न होना पड़े इसके लिए सीजन शुरू होने से पूर्व ही सभी लाइसेंस धारक दुकानों पर कार्रवाई करने एवं सहकारी समितियों के रिकार्ड के जांच के आदेश दिए गए हैं। सोमवार से जिले में कार्रवाई शुरु हुई है। इस कार्रवाई के दौरान पहले दिन पहले पाली ब्लाक के 3 दुकानों के खिलाफ कार्रवाई हुई थी। इसी तरह मंगलवार को पाली व कटघोरा में 4 दुकानों के खिलाफ एवं बुधवार को पोड़ी उपरोड़ा एवं करतला ब्लाक की 3 दुकानों के रिकार्ड की जांच की गई है। जांच के दौरान इन सभी दुकानों में खाद बिक्री के लिए निर्धारित मूल्य का विवरण किसी भी दुकान में नहीं मिला। साथ ही रिकार्ड मेंटेन भी नहीं किया गया था। इसके अलावा स्टाफ की सूची भी इन दुकानों में निरीक्षण के दौरान नहीं पाई गई। कुछ दुकानें ऐसी थी, जिनके लाइसेंस का नवीनीकरण नहीं किया गया था। ऐसी दो दुकानों के विरुद्ध बिना लाइसेंस के खाद बिक्री पर 21 दिन के लिए रोक लगाई गई है। विभाग के द्वारा चलाई जा रही है जांच पड़ताल के दौरान दुकान संचालकों में पुराने रिकार्डों को लेकर भी संधारण करने की चिंता सताने लगी है। कुछ दुकान ऐसी हैं जिनके लाइसेंस के नाम पर कई स्थान पर दुकानें चल रही हैं। एक लाइसेंस से कई दुकानों के संचालन को भी जांच के दायरे में लिया गया है।

### खास बात

■ खाद बिक्री पर लगाया जा रहा है प्रतिबंध



### बीज भंडारण का भी देखा जा रहा है रिकार्ड

खाद के अलावा दुकानों में बीज के भंडारण के साथ किन एजेंसियो से बीज की खरीदी की गई है। उसकी गुणवत्ता कैसी है, उसकी क्वालिटी रिपोर्ट एवं बिक्री के रिकार्ड के साथ किन किन क्षेत्रों में बीज बिक्री किया गया है। दुकानों के साथ साथ विभागीय अधिकारियों की टीम सहकारी समिति के प्रबंधकों को भी खाद बीज बिक्री के लिए किसानों के रकबों को आधार बनाने का निर्देश दिया है। इस निर्देश के बाद समिति प्रबंधक किसानों को रकबे के सुधार के लिए सूचित कर रहे हैं।

### सभी ब्लाकों में कार्रवाई

जिले के सभी 5 ब्लाकों में चल रही 119 दुकानों के रिकार्ड की जांच करने के साथ अनियमितता पाए जाने पर 21 दिनों तक खाद के बिक्री पर रोक भी लगाई गई है। अब तक के कार्रवाई में 11 दुकान सामने आए हैं। 3 दुकानों में रिकार्ड मेंटेन नहीं होने पर खाद बिक्री पर रोक लगाई गई है।

-डीपीएस कंवर, उप संचालक कृषि

## शैक्षणिक परिसर व नगरीय क्षेत्र में अभियान चलाकर कोटपा एक्ट का पालन कराएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में मादक पदार्थों की उपलब्धता, उपयोग एवं अवैध बिक्री पर प्रभावी रोक लगाने के उद्देश्य से कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता तथा पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी की उपस्थिति में कलक्ट्रेट सभाकक्ष में नारकोटिक्स को-ऑर्डिनेशन समिति की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर ने शैक्षणिक परिसरों के आसपास प्रतिबंधित सामग्री बेचने वालों के विरुद्ध अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश तहसीलदारों एवं सीएमओ को दिए। उन्होंने कोटवारों की बैठक लेकर संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी जुटाने और तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने अवैध रूप से मादक पदार्थों की बिक्री, भंडारण या उपयोग में संलिप्त व्यक्तियों पर कड़ी वैधानिक कार्रवाई करने के निर्देश देते हुए कहा कि जिले में नशे के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति लागू की जाए। उन्होंने आदिवासी विकास विभाग, समाज कल्याण विभाग, आबकारी विभाग तथा शिक्षा विभाग को स्कूल, छात्रावास, आश्रम एवं अन्य महत्वपूर्ण स्थानों में नशामुक्ति संबंधी जनजागरूकता कार्यक्रम प्रत्येक सप्ताह आयोजित करने के निर्देश दिए। बैठक में पूर्व निर्देशों के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। बताया गया कि जिले की सभी मेडिकल दुकानों में अनिवार्य रूप से सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देशों का पालन कराया गया है। साथ ही स्वापक एवं मनःप्रभावी दवाओं की खरीद-बिक्री, पंजीकृत चिकित्सक की पर्ची तथा स्टॉक का नियमित मिलान किया जा रहा है। विगत दिनों अनेक दुकानों पर नियमानुसार कार्रवाई भी की गई है। कलेक्टर ने संबंधित विभागों को बेहतर समन्वय के साथ संयुक्त कार्रवाई करने, स्कूल-कॉलेज एवं संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने तथा जनजागरूकता अभियान को और सशक्त बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने सफाई मित्रों की सहायता से इंजेक्शन के माध्यम से नशा करने वालों की जानकारी जुटाकर तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए।

## युवा कांग्रेस ने असम के मुख्यमंत्री का किया पुतला दहन



पुतला दहन करते कांग्रेसी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा सरमा द्वारा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के द्वारा खिलाफ की गई अपमानजनक टिप्पणी के खिलाफ युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव विकास सिंह, सांसद प्रतिनिधि मोहन प्रधान के उपस्थिति में असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा का पुतला दहन कर सरमा के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन जिला युवा कांग्रेस के शहर अध्यक्ष राकेश पंकज के नेतृत्व में किया गया ।

प्रदर्शन के दौरान पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने असम के मुख्य मंत्री हिमंत बिस्वा सरमा द्वारा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जून खड़गे के खिलाफ की गई अपमानजनक भाषा के प्रयोग के लिए कड़ी निंदा की है । श्री अग्रवाल ने इस बयान को शर्मनाक बताया है । प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव विकास सिंह ने कहा कि बिस्वा घबरा गये हैं और डर के कारण कांग्रेस नेताओं को डराने की कोशिश कर रहे हैं। प्रदेश सचिव विकास सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी लगातार जनहित के मुद्दों को उठाते रहेगी और जनता के सामने सच्चाई लाते रहेगी । सांसद प्रतिनिधि मोहन प्रधान ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी के नेता देश भक्त हैं, जो किसी के दबाव में काम नहीं करते हैं। जो लोग के देश संसाधनों को बेचने में लगे हैं, उनकी सच्चाई सामने आने लगी है। इस अवसर पर पूर्व ब्लाक अध्यक्ष दुष्यंत शर्मा, श्रीमती रेखा त्रिपाठी, शशिलता पाण्डेय, पुष्पा पात्रे, दुर्गा सिंह, सुमेर डालमिया, एफ डी मानिकपुरी, विजय जायसवाल, पार्षद बद्री किरण, डॉ.राम गोपाल कुर्रे, महेन्द्र थवाईत(गुड्डु) विवेक श्रीवास, गंगाराम भारद्वाज, देवीदयाल सोनी, पीयुश पांडेय, आर के नामदेव, जगन्नाथ थवाईत, रेशम दास, चंद्रमणी, श्रीकांत मांझी, राजीव शर्मा, मनोज अनंत, मुख्तार अली, मिथेश चंद्रा, सायदा खान, प्रमोद डिगस्कर, पंचराम आदित्य, सुनील निर्मलकर सहित अनेकों पदाधिकारी उपस्थित थे।

# नक्सलवाद के खिलाफ अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का हल्लाबोल, कटघोरा में फूंका पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा



प्रदर्शन करते अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने छत्तीसगढ़ को नक्सल मुक्त बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए कटघोरा में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने नक्सलवाद का पुतला दहन कर अपनी नाराजगी जाहिर की और राष्ट्रहित में एकजुट होने का संदेश दिया। अभाविप कार्यकर्ताओं ने कटघोरा के आत्मानंद स्कूल परिसर से शहीद वीर नारायण चौक तक विरोध रैली निकाली और नक्सलवाद का पुतला फूंका। कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार और भारत सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ को नक्सल मुक्त घोषित करने के संकल्प का स्वागत किया। परिषद के सदस्यों ने युवाओं के बीच बढ़ते अर्बन नक्सल के प्रभाव पर चिंता जताई और भविष्य में इसके खिलाफ जागरूकता अभियान चलाने की घोषणा की। प्रदर्शन के दौरान लाल गुलामी छोड़कर बोलो वंदे मातरम जैसे नारों के साथ राष्ट्रवादी विचारधारा को बढ़ावा देने की बात कही गई। आयुष शर्मा प्रदेश सह-मंत्री अभाविप ने कहा कि 31 मार्च को प्रदेश सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ को नक्सल मुक्त बनाने की जो घोषणा की गई है, उसका विद्यार्थी परिषद पूर्ण समर्थन करती है। हमने पूरे प्रदेश के प्रत्येक जिले में नक्सलवाद का पुतला दहन कर इस हिंसक सोच का विरोध किया है। हम लाल झंडा और लाल गुलामी के खिलाफ देशहित में काम करते रहेंगे। सुंदरम जायसवाल पूर्व नगर सह-मंत्री, कटघोरा ने कहा कि नक्सलवाद के खिलाफ लड़ना सिर्फ सरकार की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि हम सभी का कर्तव्य है। यह पूरे देश के लिए खतरा है और हम सभी को आगे बढ़कर अपना समर्थन देना होगा। गोविंद पटेल जिला संयोजक ने कहा कि विद्यार्थी परिषद युवाओं को नक्सलवाद से दूर रखने और उन्हें सही दिशा देने के लिए लगातार कार्यक्रम आयोजित करेगी। आने वाले समय में 'अर्बन नक्सल' के खिलाफ एक व्यापक अभियान चलाया जाएगा ताकि हमारी युवा पीढ़ी इस जाल में न फंसे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रदीप साहू, उत्कर्ष दुबे, अमरजीत सिंह राजपूत, सुमित साहू, आकाश साहू, आदित्य और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पीएमश्री शिक्षकों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण, आधुनिक तकनीकों से हुए प्रशिक्षित

**कोरबा।** स्कूल शिक्षा विभाग एवं समग्र शिक्षा के निर्देशानुसार पीएमश्री योजना अंतर्गत विज्ञान एवं गणित विषय के शिक्षकों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) भिलाई में संपन्न हुआ। साइंस एंड टेक्नोलॉजी फॉर सस्टेनेबिलिटी थीम पर आयोजित इस प्रशिक्षण में राज्यभर से चयनित 148 शिक्षकों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में पीएमश्री राज्य प्रभारी आशीष गौतम के मार्गदर्शन में शिक्षकों को स्मार्ट लैब, 3डी प्रिंटर, नेचर लैब, गूगल क्लासरूम, ड्रोन टेक्नोलॉजी, साइबर साइकोलॉजिकल इंपैक्ट एवं ऑनलाइन प्लेटफॉर्म आधारित शिक्षण पद्धतियों की विस्तृत जानकारी दी गई। जिले से स्वामी आत्मानंद शासकीय स्कूल बालको की प्रज्ञा, स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पोंडी उपरोड़ा की पूनम राय, स्वामी आत्मानंद हिंदी-अंग्रेजी माध्यम स्कूल तिलकेजा की नीतू नारायण मिश्रा, स्वामी आत्मानंद हिंदी-अंग्रेजी माध्यम स्कूल बांकीमोंगरा की दीक्षा गुप्ता, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल दीपका की वर्षा दानसेना, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल करतला की शालिनी हरदहा पटेल तथा एकलव्य संयुक्त उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चुरकिला के मनोज कुमार शामिल रहें।

### नोटिस

प्रकरण कमांकः DC/383/CC/135/25
पेशी तारीखः 22/04/2026

**रंजीत पटेल** — **परिवादी**
**विरूद्ध**
**महिन्द्रा शो रूम व अन्य** — **विरोधी पक्षकार**

प्रति,
श्री गणेश कुमार राय, उम्र 45 वर्ष पता परसाभांठा बालको नगर कोरबा तह० व जिला कोरबा (छ०ग०)

परिवादी द्वारा आप विरोधी पक्षकार के विरूद्ध उसे प्रदत्त सेवाओं के संबंध में व्यवसायिक कदाचरण अपनाये जाने संबंधी शिकायत प्रस्तुत किया है। आपको इस आयोग में दिनांक 22/04/2026 को दिन में 11 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए समंस किया जाता है। आप आयोग में स्वयं या किसी प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है। जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो, जो ऐसे सभी प्रश्नों का उत्तर दे सके। आयोग में उपसंजाती के लिए जो दिन नियत किया गया है, वह इस वाद के अंतिम निपटारे के लिए नियत दिन है, इसलिए आपको इस दिन अपने सब साक्षियों को या उन सब दस्तावेजों को पेश करने के लिए तैयार रहना चाहिए, जिन पर आप अपनी प्रतिरक्षा के लिए निर्भर रहना चाहते है।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताये गये तारीख को इस आयोग में उपसंजात नहीं होंगें तो आपके वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।

आज तारीख 30/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर और आयोग की मोहर लगाकर दिया गया।
स्थानः कोरबा
दिनांकः 30/03/2026

**अध्यक्ष**
**जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग कोरबा (छ०ग०)**

### न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी कटघोरा जिला कोरबा (छ.ग.)

**ईश्तहार**

रा.प्र.क.बी-121/2025-26
ग्राम, ढेलवाडीह प.ह.नं.09
तहसील-कटघोरा, जिला-कोरबा (छ.ग.)

एतद् द्वारा आम जनता मौजा ग्राम ढेलवाडीह, प.ह.नं. 09 रा.नि.मं. जवाली, तहसील-कटघोरा, जिला-कोरबा (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक अनुराग रावत पिता सुशील रावत जाति रावत निवासी बी-136 न्यू कालोनी ढेलवाडीह, तहसील कटघोरा जिला कोरबा (छ.ग.) द्वारा अपने पुत्र शिवांश रावत पिता अनुराग रावत का जन्म दिनांक 25.05.2023 को स्थान ढेलवाडीह, ग्राम पंचायत ढेलवाडीह, तहसील कटघोरा स्थित स्वयं के घर में जन्म होने का लेख करते हुए जन्म प्रमाण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जो इस न्यायालय मे विचाराधीन है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो अपना दावा आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 15.04.2026 को न्यायालयीन समय 11:00 बजे उपस्थित हो कर पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात किये जाने वाले दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 07.04. 2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर लगाकर जारी किया गया।

स्थान :- कटघोरा

**तहसीलदार एवं कार्यपालिका दण्डाधिकारी कटघोरा**
**जिला कोरबा (छ.ग.)**

कोरबा मार्केट

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज
नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षो से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

## पृष्ठ 1 का शेष

### सेवानिवृत्त कोयला...

संकल्प लिया है। जिसे सेवानिवृत्त कर्मियों के कल्याण की दिशा में एक बड़ी पहल माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार हाल ही में सेवानिवृत्त कर्मचारियों के प्रतिनिधियों और कोल इंडिया प्रबंधन के बीच एक उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई थी। इस बैठक में प्रतिनिधियों ने पीवीसी सीपीआरएमएस-ई कार्ड उपलब्ध न होने का मुद्दा प्रमुखता से उठाया था, जिससे इलाज और अन्य पहचान संबंधी कार्यों में बाधा आ रही थी। प्रबंधन ने इन समस्याओं पर गंभीरता से विचार-विमर्श करने के बाद यह निर्णय लिया कि अब सभी पात्र सेवानिवृत्त कर्मियों को एक समान प्रारूप (यूनिफॉर्म फॉर्मेट) में डिजिटल कार्ड जारी किया जाएगा ताकि व्यवस्था में पारदर्शिता और सुगमता बनी रहे।

### नशे में धुत्त...

सहित तीन युवक सवार थे। राताखार निवासी चालक गोलू प्रजापति इस गाड़ी को चला रहा था। उसके साथ दो अन्य युवक सवार थे। घटना के दौरान चालक शराब के नशे में धुत्त था और तेज रफ्तार कार सड़क को छोड़ते हुए बाएं तरफ मोबाइल शॉपी नामक दुकान में जा घुसी। बाहरी हिस्से के दरवाजे और ग्लास को तोडऩे के साथ यह रूक गई। इस घटना में दुकान के कुछ सामान क्षतिग्रस्त हो गए, वहीं कार के सामने का पहिया भी प्रभावित हुआ और इसका शीशा भी चकनाचूर हो गया। घटना के बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ लग गई थी। नगर कोतवाल मोतीलाल पटेल ने बताया कि कार चालक गोलू प्रजाप्रति के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

### ग्रामीण अंचलों के...

दो एकड़ के लगभग ही मापा गया है। छोटे तालाब होने के बावजूद नहरों के पानी से तालाबों को नहीं भरे जाने के पीछे पंचायत प्रतिनिधियों की उदासीनता सामने आती है। रबी की फसल के लिए नहरों से पानी छोड़ा जाता है और इन नहरों का पानी करतला ब्लाक के बरपाली, तुमान, कोथारी, चोरभट्टी होते हुए जांजगीर जिले के सीमा तक पहुंचता है। इन गांवों की दूरी नहरों से ज्यादा नहीं है। और तालाब भी गांव के समीप ही हैं। किन्तु नहरों के पानी से तालाबों को भरने के लिए कोई प्रबंध पंचायत के द्वारा नहीं किया जाता। करतला ब्लाक जिले का एक मात्र ब्लाक है जहां से सिंचाई विभाग की नहर गुजरती है। छोटे बड़े किसान लिफ्ट एरिगेशन कर इन नहरों के पानी का उपयोग पंप के द्वारा सब्जी की खेती के लिए करते हैं।

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप

### टीबी उन्मूलन हेतु जिले में चलेगा विशेष अभियान

**कोरबा।** कलेक्टर कुणाल दुदावत ने समय-सीमा की बैठक लेते हुए विभागीय कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में आयोजित राजस्व पखवाड़ा में आम नागरिकों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने, राजस्व संबंधी आवेदनों को ग्रहण करने तथा प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने तहसीलवार प्राप्त आवेदनों की समीक्षा करते हुए सीमांकन, नामांतरण, बंटवारा सहित अन्य राजस्व प्रकरणों का प्रभावी निपटारा करने के निर्देश दिए।

### बालको ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी गठित

**कोरबा।** दर्री जमनीपाली ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के बाद बालको कांग्रेस अध्यक्ष ए डी जोशी ने बालको ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की नई



कार्यकारिणी घोषित किया है। जिला अध्यक्ष मुकेश राठौर, पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल एवं सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरण दास महंत से मार्गदर्शन प्राप्त कर, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैंदु से अनुमोदन कराने के बाद, बालको ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की नई कार्यकारिणी की घोषणा कर नए एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं को मौका दिया है। कार्यकारिणी में विजय जायसवाल को कोषाध्यक्ष बनाया गया है, वहीं उपाध्यक्ष पद पर आर के नामदेव, जगन्नाथ थवाईत, रेशम दास मानिकपुरी, चंद्रमणी यादव, पूर्व पार्षद गंगाराम भाराद्वाज एवं श्रीकांत मांझी को शामिल किया गया है। महामंत्री के पद पर राजीव शर्मा, मनोज अनंत, मुख्तार अली, मिथलेश चंद्रा, सायदा खान, नितिन चंदेल, प्रमोद डिगस्कर एवं रूपम नामदेव को जिम्मेदारी सौंपी गई है। सचिव पद पर मोहित दास महंत, क्रांति बरेठ, शशि पटेल, अनिल सिंह, दाताराम आदित्य, कल्लु मोहब्बत, रोहित नामदेव, परितोष सिंह, धनेश्वरी चौहान एवं सुभदा गौंड को स्थान दिया गया है । ब्लॉक कमेटी के कार्यकारिणी में वरिष्ठ कांग्रेस नेता व्यास नारायण कंवर, शैलेष चौहान, काजल चौहान, सुधा गुप्ता, प्रेरणा कैवर्त एवं सुशीला साहु को शामिल कर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है।

### मोटरसाइकिल चोरी के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार




बरामद की गई एक्टिवा वाहन व आरोपी।

**कोरबा।** मोटर साइकिल चोरी के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है जहां उसके कब्जे से पुलिस ने एक्टिवा वाहन को बरामद किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर उसे न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है। बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रिस्दा भदरापारा निवासी हीरा दास महंत उम्र 32 वर्ष पिता स्व. कुंवार दास महंत ने थाना में रिपोर्ट दर्ज करायी कि 6 अप्रैल की रात्रि लगभग 9:30 बजे लाटाघाट देशी शराब भट्टी के पास अपनी एक्टिवा वाहन क्रमांक सीजी 12 बीएच 4315 खड़ी कर शराब लेने गया था। वापस आने पर वाहन वहां से गायब मिला, जिसे अज्ञात आरोपी द्वारा चोरी कर लिया गया था। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर पतासाजी की जा रही थी। जहां पुलिस ने मंगलवार को नेहरुनगर बालको निवासी दिनेश यादव को हिरासत में लेकर पूछताछ किया जिसने जुर्म करना स्वीकार किया। पुलिस ने दिनेश के कब्जे से चोरी हुई मोटर साइकिल को बरामद किया है। वहीं आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

### बालको में कोटपा अधिनियम के तहत सात दुकानों से वसूला गया जुर्माना

**कोरबा।** कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा बालको क्षेत्र में कोटपा अधिनियम के उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई की गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस.एन. केशरी के नेतृत्व में गठित इस टीम में पुलिस विभाग, नगर निगम, खाद्य एवं औषधि विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी शामिल थे। अभियान के दौरान शैक्षणिक संस्थानों के आसपास तंबाकू उत्पाद बेचने वाली दुकानों का सघन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कोटपा अधिनियम 2003 की धारा 4 एवं धारा 6(अ) व 6(ब) का उल्लंघन पाए जाने पर कुल 7 दुकानों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई करते हुए 1780 रुपये का अर्थदंड वसूला गया। इसके अतिरिक्त 4 अन्य दुकानदारों को नियमों का कड़ाई से पालन करने हेतु अंतिम चेतावनी देते हुए समझाइश दी गई। कार्रवाई के साथ-साथ टीम द्वारा जन-जागरूकता अभियान भी चलाया गया, जिसके अंतर्गत स्थानीय नागरिकों और दुकानदारों को आई.सी. पाम्पलेट वितरित कर तंबाकू के सेवन से होने वाले जानलेवा दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई। इस दौरान सभी संबंधित दुकानों पर धारा 6(अ) के वैधानिक चेतावनी वाले पोस्टर भी चस्पा किए गए ताकि भविष्य में नियमों का उल्लंघन न हो। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि युवाओं के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध इस प्रकार की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

# सब स्टेशन कर्मियों ने रैली निकालकर किया विरोध प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

जिले के सब स्टेशन में काम करने वाले लगभग ढाई सौ से अधिक ठेका श्रमिक अपने पुराने पीएफ की मांग को लेकर पिछले कई दिनों से हड़ताल पर हैं। बुधवार को हड़ताली सब स्टेशन के कर्मियों ने रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन किया और कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा है।

उल्लेखनीय है कि जिले के लगभग 55 से अधिक सब स्टेशन में काम करने वाले ढाई सौ से अधिक ठेका श्रमिक पिछले 1 अप्रैल से अपने पुराने पीएएफ की मांग को लेकर बुधवार को ठेका श्रमिकों ने रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने अपने ज्ञापन में उल्लेख किया है कि विद्युत विभाग के अंतर्गत ठेका सब स्टेशन ऑपरेटर को विद्युत विभाग द्वारा 2024 में जेबीएस इंटरप्राइजेज मुंबई कंपनी ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट करते हुए समस्त कर्मचारियों को उस समय विद्युत विभाग द्वारा 11 माह का वेतन से इपीएफ राशि काटकर जिले के समस्त कर्मचारियों को वेतन भुगतान किया गया था, किंतु आज 2 वर्ष बीत जाने के बाद भी किसी भी कर्मचारी के ईपीएफ खाते में कटौती की गई राशि विद्युत विभाग द्वारा जमा नहीं की गई। उक्त राशि जमा करने हेतु विभाग को कई बार पत्राचार किया जा चुका है किंतु विभाग द्वारा उक्त राशि जमा करने हेतु कोई रुचि नहीं दिखाई जा रही है, जिससे सभी ठेका श्रमिकों में आक्रोश व्याप्त है और अपनी जायज मांग ईपीएफ राशि जमा कराने के लिए जिले के समस्त 33/11 केवी सब स्टेशन ऑपरेटर घंटाघर से कलेक्ट्रेट कार्यालय तक रैली निकालकर कलेक्टर के नाम से ज्ञापन सौंपा गया। रैली के दौरान संघ के जिला अध्यक्ष ललित किशोर बरेठ, जिला उपाध्यक्ष मनहर लाल तिवारी, संयुक्त महामंत्री दर्शन कुमार रजक, अमरजीत राठौर, गंगाराम, संतोष यादव, विकास शुक्ला, दिनेश पटेल, सत्या साहू, सोनू साहू, पिंटू, आशीष राठौर सहित अन्य ठेका श्रमिक बड़ी संख्या में शामिल थे।

## ढाई सौ से अधिक ठेका श्रमिक हैं हड़ताल में

**खास बातें**

- मेंटनेंस का कामकाज बुरी तरह हो रहा प्रभावित।
- अपनी मांगों को लेकर अड़े हैं ठेका श्रमिक



## समान काम समान वेतन, लंबित एरियर भुगतान सहित अन्य मांगों को लेकर खोला मोर्चा

# एनटीपीसी में मजदूरों ने किया धरना प्रदर्शन, गेट बंद कर किया चक्काजाम



धरना प्रदर्शन कर चक्काजाम करते मजदूर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एनटीपीसी कोरबा संयंत्र में उस समय हड़कंप मच गया, जब हजारों की संख्या में ठेका मजदूर लामबंद होकर सड़कों पर उतर आए। अपनी मांगों को लेकर लंबे समय से संघर्ष कर रहे मजदूरों के सब्र का बांध बुधवार को फूट पड़ा। प्रदर्शनकारियों ने संयंत्र के गेट नंबर-2 पर ताला जड़ते हुए काम काज ठप कर दिया, जिससे प्रबंधन में अफरा-तफरी का माहौल निर्मित हो गया।

बुधवार सुबह से ही ठेका मजदूर संगठित होकर एनटीपीसी के मुख्य प्रवेश द्वार पर जुटने लगे थे। देखते ही देखते मजदूरों की संख्या हजारों में पहुंच गई। मजदूरों ने गेट के सामने बैठकर नारेबाजी शुरू कर दी, जिससे भारी वाहनों और शिफ्ट में जाने वाले कर्मचारियों की आवाजाही पूरी तरह रुक गई। स्थिति चक्काजाम जैसी हो गई और संयंत्र के भीतर व बाहर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। मजदूरों ने एनटीपीसी प्रबंधन और ठेकेदारों पर आरोप लगाया है कि उनके द्वारा लगातार मजदूरों की जायज मांगों की अनदेखी की जा रही है। मजदूरों की मांगों में प्रमुख रुप से समान कार्य के लिए समान वेतन और लंबित एरियर का भुगतान, संयंत्र के भीतर काम करने वाले मजदूरों के लिए पुख्ता सुरक्षा उपकरण और बीमा की सुविधा, भर्ती प्रक्रिया में स्थानीय प्रभावितों और अनुभवी ठेका श्रमिकों को प्राथमिकता, ठेका मजदूरों और उनके परिवार के लिए बेहतर चिकित्सा सुविधाओं की मांग शामिल है। मजदूरों की इस अप्रत्याशित एकजुटता ने एनटीपीसी प्रबंधन की नींद उड़ा दी है। काम बंद होने से बिजली उत्पादन प्रक्रिया पर असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। मौके पर तनाव को देखते हुए भारी पुलिस बल और सीआईएसएफ की टीम तैनात की गई है। प्रबंधन के अधिकारी मजदूरों को समझाने और बातचीत की मेज पर लाने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन मजदूर लिखित आश्वासन की मांग पर अड़े हुए हैं। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे श्रमिक नेताओं का कहना है कि वे कई बार ज्ञापन सौंप चुके हैं लेकिन प्रबंधन केवल आश्वासन का झुनझुना थमाता रहा है। उन्होंने चेतावनी दी है कि जब तक उनकी मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक गेट से ताला नहीं खुलेगा और आंदोलन और उग्र होगा।

**प्लांट के गेट पर चक्काजाम**

सुबह से ही बड़ी संख्या में ठेका कर्मचारी इस आंदोलन में शामिल हो गए एनटीपीसी के गेट नंबर 2 को बंद कर ठेका श्रमिकों ने धरना प्रदर्शन शुरु कर दिया गया। जिससे प्लांट के अंदर का हिस्सा प्रभावित हुआ। इस मामले में एनटीपीसी, एनटीपीसी प्रबंधन या संबंधित कंपनी की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। आशंका जताई जा रही है कि जब तक केंद्र सरकार वेतनमान लागू करने और कार्य सीमा तय करने का निर्णय नहीं लेती, तब तक उनका आंदोलन समाप्त नहीं होगा।

# एसईसीएल गेवरा जीएम कार्यालय का भूविस्थापितों ने किया घेराव




प्रदर्शन करते भूविस्थापित।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल गेवरा खदान में कार्यरत ठेका मजदूरों को पेमेंट स्लीप और एचपीसी दर पर भुगतान नहीं मिलने से अक्रोशित ठेका मजदूरों ने किसान सभा के नेतृत्व में एसईसीएल गेवरा महाप्रबंधक कार्यालय का घेराव कर दिया। घेराव को देखते हुए बड़ी संख्या में सीआईएसएफ और पुलिस बल की तैनाती की गई थी। चार घंटे घेराव के बाद ठेका कंपनी और एसईसीएल प्रबंधन ने ठेका मजदूरों को मिलने वाले अधिकारों को देने का लिखित आश्वासन दिया, जिसके बाद धरना प्रदर्शन समाप्त किया गया।

**खास बात**

- पेमेंट स्लीप व एचपीसी दर पर भुगतान को लेकर ठेका श्रमिकों ने खोला मोर्चा, प्रबंधन ने दिया लिखित आश्वासन

छत्तीसगढ़ किसान सभा के नेता प्रशांत झा और दीपक साहू ने बताया कि कोयला खदानों में ठेका मजदूरों को कम मजदूरी देकर उनका शोषण किया जा रहा है। इसे छुपाने के लिए उन्हें पेमेंट स्लीप नहीं दिया जाता। इससे मजदूर अपनी सही मजदूरी और कितने दिनों का वेतन दिया जा रहा है। मजदूरों ने कोयला प्रबंधन से कई बार इसकी शिकायत की, जिस पर अब तक प्रबंधन ने संज्ञान नहीं लिया है। प्रबंधन के रवैए से आक्रोशित सैकड़ों ठेका मजदूरों ने किसान सभा के नेतृत में गेवरा महाप्रबंधक कार्यालय का घेराव किया, जिसके बाद ठेका कंपनी और एसईसीएल प्रबंधन को मजदूरों को लिखित आश्वासन देने के लिए बाध्य होना पड़ा है। किसान सभा नेताओं ने चेतावनी दी है कि यदि इसके बाद भी गड़बड़ियां जारी रहती है और अगर मजदूरों को उनके अधिकार से वंचित किया जाता है तो आगे और उग्र आंदोलन किया जाएगा। ठेका मजदूर राकेश राजपूत और राम प्रताप ने कहा है कि ठेका मजदूरों को पहचान पत्र, पेमेंट स्लीप, समय पर भुगतान और सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना प्रबंधन का कार्य है, उसे पूरा नहीं किया जाएगा तो आगे खदान बंद आंदोलन भी किया जाएगा। प्रदर्शन में प्रमुख रूप से रमेश दास, सोनू, दामोदर, राकेश राजपूत, राजकुमार पटवा, अनिल कुमार, राकेश महंत, शिव चौहान, मुकेश दास, भीमदास, सखन लाल अगहरिया समेत बड़ी संख्या में ठेका मजदूर उपस्थित थे।

# केदार को एचएमएस में मिला अहम जिम्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोयला मजदूर सभा (एचएमएस) को सुदृढ़ व प्रभावी बनाने एसईसीएल के विभिन्न क्षेत्रों में प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। जिले की एसईसीएल क्षेत्रों में संगठन को और प्रभावी बनाने श्रमिक नेता केदारनाथ अग्रवाल को अहम जिम्मा सौंपा गया है। एचएमएस महामंत्री नाथूलाल पांडेय ने पदाधिकारियों को प्रभारी नियुक्त किया है। केदारनाथ अग्रवाल को गेवरा, दीपका, कुसमुंडा, कोरबा, सीईडब्ल्यूएस गेवरा व सीडब्ल्यूएस कोरबा के प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है।

**खास बातें**

- गेवरा, दीपका, कुसमुंडा व कोरबा का दिया गया प्रभार
- संगठन को सुदृढ़ व प्रभावी बनाने दी गई जिम्मेदारी

केदारनाथ अग्रवाल संगठन को मजबूत करने, श्रमिकों के हितों की रक्षा तथा कोयला मजदूर सभा की गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करने में प्रत्येक क्षेत्रीय समितियों और शाखा समितियों को मार्गदर्शन व सहयोग प्रदान करेंगे। क्षेत्रीय यूनिट स्तर पर बैठक करने और उसका संचालन करने में अधिकृत होंगे। यदि संगठन हित में कोई सुझाव है तो तथ्यों सहित केन्द्रीय मुख्यालय को सूचित करेंगे। महामंत्री श्री पांडेय ने क्षेत्रीय व इकाई समितियों से अपेक्षा की है कि वे आवश्यक रूप से प्रभारी के साथ समन्वय स्थापित करें। साथ ही बैठकों में उनकी उपस्थिति सुनिश्चित करें, ताकि संगठन को अधिक सुदृढ़ व सक्रिय बनाने में प्रभावी सहयोग मिल सके। श्री अग्रवाल की नियुक्ति से श्रमिकों व समर्थकों में हर्ष व्याप्त है। श्री अग्रवाल के अलावा तीन अन्य प्रभारी भी नियुक्त किए गए हैं, जिनमें योगेन्द्र मिश्रा को चिरमिरी, भटगांव, बैकुंठपुर, विश्रामपुर, अक्षय तिवारी को जोहिला, सोहागपुर, जमुना कोतमा, हसदेव व अरूण कुमार झा को रायगढ़ क्षेत्र का प्रभारी बनाया गया है।



केदारनाथ।

# छत्तीसगढ़ प्रांतीय अखंड ब्राह्मण समाज की नई कार्यकारिणी घोषित



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ प्रांतीय अखंड ब्राह्मण समाज की कोरबा इकाई द्वारा स्थानीय स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज की नींव रखने वाली पूर्व महिला अध्यक्षों का सम्मान करने के साथ-साथ आगामी कार्यकाल के लिए नई टीम की घोषणा की गई। संगठन की प्रथम अध्यक्ष मधु पांडे, द्वितीय अध्यक्ष गायत्री नायक, तृतीय अध्यक्ष शील तिवारी एवं चतुर्थ अध्यक्ष मनोरमा शर्मा को श्रीफल और पुष्पमाला भेंट कर सम्मानित किया गया तथा नई कार्यकारिणी का गठन कर समाज को नई ऊर्जा प्रदान करने के लिए सर्वसम्मति से नई टीम का चयन किया गया। जिसमें अध्यक्ष रश्मि दुबे, उपाध्यक्ष निर्मला शर्मा, सचिव उषा पांडे, सह सचिव ममता तिवारी, कोषाध्यक्ष सर्बानी चटर्जी, सह कोषाध्यक्ष पूनम सतपथी को नियुक्त किया गया है। अन्य महत्वपूर्ण नियुक्तियां संगठन विस्तार के लिए उषा शर्मा को सलाहकार और वी. गिरिजा रानी को मीडिया प्रभारी बनाया गया है। सांस्कृतिक प्रकोष्ठ में नीता शर्मा, किरण शर्मा, चंद्रबाला शुक्ला, मिथिलेश नायक और तारा को जिम्मेदारी दी गई है। युवा प्रकोष्ठ का कार्यभार अनुभा दुबे, शुभ्रजा बाजपेई और हेमा शर्मा संभालेंगी। वहीं, समन्वयक के रूप में विभा पाठक, विभा मिश्रा (एडवोकेट) और सुधा झा को नियुक्त किया गया है।

### चार सड़कों के डामरीकरण के लिए 5.93 करोड़ स्वीकृत

**कोरबा।** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने नगर निगम में चार प्रमुख सड़कों के डामरीकरण के लिए पांच करोड़ 93 लाख 45 हजार रुपए मंजूर किए हैं। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद विभाग ने संचालनालय से इनकी मंजूरी के आदेश जारी कर दिए हैं। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए समय-सीमा में काम पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने कोरबा नगर निगम के कोरबा जोन में सुनालिया ब्रिज से पॉवर हाउस रोड फाटक अंडर ब्रिज रोड तक डामरीकरण के लिए एक करोड़ 12 लाख 55 हजार रुपए स्वीकृत किए हैं। कोरबा जोन में ही पॉवर हाउस रोड फाटक से पुराने बस स्टैंड अंडर ब्रिज तक डामरीकरण के लिए एक करोड़ 56 लाख 90 हजार रुपए मंजूर किए गए हैं।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## कोरकोमा के दुकान संचालक के विरूद्ध एफआईआर दर्ज

# राशन वितरण में अनियमितता, तीन दुकान संचालकों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में राशन वितरण में लापरवाही और अनियमितताओं की शिकायत पर प्रशासन द्वारा कार्यवाही किया जा रहा है। दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित खबर और जनदर्शन में प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर कुणाल दुदावत ने खाद्य अधिकारी को टीम गठित कर तत्काल जांच के निर्देश दिए। खाद्य विभाग द्वारा कोरबा के ग्राम पंचायत कोरकोमा व खोड्डल एवं पाली के पटपरा की उचित मूल्य दुकानों की विस्तृत जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत की गई है।

जांच में पाया गया कि कोरकोमा की शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालित करने वाली मां अन्नदात्री महिला स्व सहायता समूह द्वारा लगभग 197.45 क्विंटल चावल और 22.82 क्विंटल नमक का व्यपवर्तन किया गया। साथ ही विभागीय निर्देशो का अवहेलना करते हुए आबंटन माह फरवरी और मार्च 2026 के दौरान विभाग से प्राप्त खाद्यान्न आबंटन का दुरुपयोग कर लगभग 435 राशन कार्डधारियों को राशन वितरित नहीं किया गया एवं पात्र हितग्राहियों का बायोमेट्रिक सत्यापन उपरांत भी निर्धारित समयावधि में खाद्यान्न वितरण में गम्भीर अनियमितता पाया गया। इसी प्रकार शासकीय उचित मूल्य दुकान खोड्डल की संचालन में भी गंभीर अनियमितताएं पाई गईं। दुकान की संचालक संस्था गुरु घासीदास महिला स्व सहायता समूह द्वारा 334.98 क्विंटल चावल और 6 क्विंटल शक्कर के व्यपवर्तन किया जाना पाया गया। साथ ही दुकान संचालको द्वारा प्रत्येक माह दुकान सीमित दिनों तक खोलने और राशन वितरण में अनियमितता बरतने की शिकायत भी सही पाई गई। उक्त दोनों मामलों में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कोरबा द्वारा संबंधित संचालकों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली(नियंत्रण) आदेश 2016 के संगत प्रावधान के अनुसार कार्रवाई की जा रही है। खाद्य अधिकारी ने उपरोक्त शिकायतों के अतिरिक्त अन्य राशन दुकानों में हितग्राहियों को यथा समय राशन वितरण अप्राप्त होने के सम्बंध में बताया कि आबंटन माह जनवरी एवं फरवरी के अवितरीत राशन के वितरण हेतु माह मार्च में समस्त उचित मूल्य दुकानों को विभागीय प्रावधान दिया गया था तथापि कतिपय उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से उक्त माहों का वितरण निर्धारित समयावधि में न किए जाने संबंधी तथ्यों की जॉच करायी जा रही है। उन्होंने आबंटन माह मार्च के अवितरीत राशन के वितरण हेतु वर्तमान माह अप्रैल में ई-पॉस मशीन में आवश्यक प्रावधान उपलब्ध कराए जाने के संबंध में, खाद्य संचालनालय, नवा रायपुर को आवश्यक प्रस्ताव प्रेषित किया गया है, तदनुसार विगत आबंटन माह के आबंटित खाद्यान्न के वितरण की अनुमति प्राप्त होने के उपरांत वर्तमान माह अप्रैल में ही बैकलॉग वितरण सुनिश्चित किया जाएगा।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
मात्र 15,500/-
09 दिन
EX-हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
ब्रेकफास्ट, डिनर, 25 सीटर टेम्पो ट्रैवलर, होटल, मैनेजर/ गाइड
20 अप्रैल, 06 मई, 09 मई, 13 मई, 18 मई, 08 जून, 17 जून 2026
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 15,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411